Date:

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
घण्टाघर, सहारनपुर।

पत्रांक:– 2051 / वि0वि0म0द्वितीय/स0पुर/निविदा

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
मेरठ (संस्करण)।

दिनांक :– 18/09/23
विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक हाक
सहारनपुर (संस्करण)।

महोदय,

## विज्ञापन आदेश

कृपया संलग्न 1 नं0 विज्ञापन निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र मे दिनांक 20.09.2023 तक के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्रों के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाऐं जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाऐं बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों मे अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अग्रेंजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अग्रेंजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा मे करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्रीय हित में बिजली बचाएं का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति

भवदीय,

GYANENDRA KUMAR
Superintending Engineer
E.D.C.-II, Saharanpur
SAP ID-11007494
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक:– 2051 / दिनांक:– 18/09/23

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1- प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्नित निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।
2- मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3- सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ
4- उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
5- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, सहारनपुर/रामपुरमनिहारान/नकुड।
6- N.I.E.L.T. (Doeace Center) Unit, PVVNL को डिस्काम की वैबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
7- नोटिस बोर्ड

22-9-23

GYANENDRA KUMAR
Superintending Engineer
E.D.C.-II, Saharanpur
SAP ID-11007494
अधीक्षण अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०,

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु (एडिशनल बी० प्लान) के अन्तर्गत ई–निविदाऐं आंमत्रित की जाती है:–

1. ई–निविदा सं० 129/ईब्लू/2023–24 :– वि०वि०ख० द्वितीय के कार्यक्षेत्र में 100 के०वी०ए० परिवर्तक के अतिभारित होने के कारण क्षमतावृद्धि 250 के०वी०ए० रखने हेतु कार्य।
2. ई–निविदा सं० 130/ईब्लू/2023–24 :– वि०वि०ख० द्वितीय के कार्यक्षेत्र में 100/250 के०वी०ए० परिवर्तको के अतिभारित होने के कारण अलग से 63/100/250 के०वी०ए० करने का कार्य।
3. ई–निविदा सं० 131,132/ईब्लू/2023–24 :– वि०वि०ख० द्वितीय के कार्यक्षेत्र में जर्जर तार एंव ए०बी०सी० बदलने का कार्य।
4. ई–निविदा सं० 133,134/ईब्लू/2023–24 :– वि०वि०ख० नकुड के कार्यक्षेत्र में 100 के०वी०ए० परिवर्तक के अतिभारित होने के कारण क्षमतावृद्धि 250 के०वी०ए० रखने हेतु कार्य।
5. ई–निविदा सं० 135/ईब्लू/2023–24 :– वि०वि०ख० नकुड के कार्यक्षेत्र में 100 के०वी०ए० परिर्वतको के अतिभारित होने के कारण अलग से 63 के०वी०ए० करने का कार्य।

उपरोक्त ई–निविदा की खुलने की दिनांक 19.10.2023 को 13.00 बजे तक जमा की जायेगी तथा इनका प्रथम भाग उसी दिन 14:00 बजे के बाद खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं निविदा मे यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि मे विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टैण्डर वैवसाईट **www.pvvnl.org,** तथा निगम की वैबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध करायी जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर

GYANENDRA KUMAR
Superintending Engineer
E.D.C.-II, Saharanpur
SAP ID-11007494

Scanned with OKEN Scanner